भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 216

(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 3 फरवरी, 2020/14 माघ, 1941 (शक) को दिया जाना है)

राजस्थान को निधि का आवंटन

216. श्रीमती रंजीता कोलीः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान सरकार को केंद्रीय कर के रूप में राजस्थान सरकार से कितनी राशि प्राप्त हुई है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा राजस्थान सरकार को कितनी निधि् आवंटित की गई है;

(ग) क्या जीएसटी के कार्यान्वयन के पश्चात राजस्थान को निधि् के आवंटन में कोई वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्र सरकार को राजस्थान सरकार से केंद्रीय कर के माध्यम से प्राप्त राशि निम्नानुसार है:-

प्रत्यक्ष कर

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	**प्रत्यक्ष कर**
2016-17	20,182,09
2017-18	19,201,12
2018-19	21,059,47

माल एवं सेवा कर

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	**आईजीएसटी (घरेलू)**	**सीजीएसटी**	**एसजीएसटी**	**उपकर**
2017-18*	6605	4401	6313	1144
2018-19	10067	7979	11160	1516
2019-20	7327	6572	8993	1136

*जीएसटी जुलाई, 2017 से लागू की गई थी।

गैर जीएसटी अप्रत्यक्ष कर (सीमा शुल्क/केंद्रीय उत्पाद शुल्क/सेवा कर) के संग्रहण पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार आंकड़ों का रखरखाव नहीं किया जाता है।

(ख) से (घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान सरकार को केंद्र सरकार से निम्नलिखित निधि प्राप्त हुई है:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**शीर्ष**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
क	**राज्यों के हिस्से का अंतरण**	33,555.86	37,028.03	41,852.35
ख	**केंद्रीय सरकार से सहायता अनुदान**	19482.91	23,940.04	24,458.23*

*संशोधित अनुमान

*****